जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय' स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक बाबू लाल सैनी



सम्पादक राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-35 | जयपुर, सोमवार, 20 सितम्बर, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

### राजस्थान में यूथ कांग्रेस ने मनाया 'राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस

## पीएम से जन्मदिन पर रोजगार देने की मांग

जयपुर (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को राजस्थान प्रदेश यूथ कांग्रेस 'राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस' के तौर पर मना रही है। युवाओं को रोज़गार देने की मांग पीएम मोदी से उनके जन्मदिन पर की जा रही है। प्रदेश के सभी 33 जिलों में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च रखा है। राजधानी जयपुर में प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोगरा की अगुवाई में बनीपार्क में यूथ कांग्रेस ऑफिस से कलक्ट्रेट सर्किल होते हुए शहीद स्मारक



तक पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें ऊंट गाड़ियों पर भी बहुत से कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते नज़र आए।

**2 करोड़ रोज़गार हर साल देने का वादा था, 15 करोड़ रोज़गार हुए ख़त्म- यूथ कांग्रेस**

यूथ कांग्रेस के संगठन महासचिव आयुष भारद्वाज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं से हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। उसके उलट सिर्फ 1 साल में ही 15 करोड़ से ज्यादा रोजगार खत्म हुए हैं, 97% देश के लोगों की इनकम में कमी आई है।

## होमगार्ड्स प्रदेशाध्यक्ष झलकन सिंह राठौड़ ने जताया आभार

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान होमगार्ड कर्मचारी संगठन प्रदेशाध्यक्ष झलकन सिंह राठौड़ ने होमगार्ड्स की उम्र 58 वर्ष व रोजगार के अवसर बढ़ाने पर सयुंक्त शासन सचिव गृह विभाग सीमा कुमार से मुलाकात कर आभार जताया ।




इस दौरान झलकन सिंह राठौड़ ने होमगार्ड जवानों की प्रमुख समस्याओं पर वार्ता की तो सचिव ने मागों को पूरा करने का आश्वाशन दिया ।

गौरतलब है की झलकन सिंह राठौड़ होमगार्ड जवानों की आवाज बनकर सरकार तक बात पहुंचाकर समस्या का समाधान करवाते रहे हैं ।

## UEM जयपुर का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एप्लिकेशन पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्विक सम्मेलन हुआ आयोजित

जयपुर (हमारा वतन) यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड एप्लिकेशन (जीसीएआईए 2021) पर ग्लोबल कॉन्फ्रेंस नामक 3




दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। प्रो डॉ.सत्यजीत चक्रवर्ती, चांसलर, यूईएम जयपुर ने कहा कि जीसीएआईए एक इंटेलिजेंट सिस्टम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रमुख मंच है । GCAIA की महत्वपूर्ण विशेषता अकादमिक, उद्योग और सरकारी नैतिकता के बीच की खाई को कम करने के लिए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, इंजीनियरों, कॉर्पोरेट और विद्वानों के छात्रों के बीच अपरिहार्य संवाद को बढ़ावा देना है। प्रासंगिक क्षेत्रों में प्रख्यात शोधकर्ताओं द्वारा मुख्य भाषणों, ट्यूटोरियल, कार्यशालाओं, प्रदर्शनियों और मौखिक प्रस्तुतियों के माध्यम से इस प्रेरणा को बढ़ावा दिया जाता है।

ईएम जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने कहा कि यूईएम जयपुर एक शोध उन्मुख विश्वविद्यालय होने के कारण दुनिया भर के प्रीमियम शैक्षणिक और शोध संस्थानों से गुणवत्तापूर्ण पेपर पर ध्यान केंद्रित करता है। इस वर्ष विश्व के 20 से अधिक देशों के 200 से अधिक गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्राप्त हुए और जीसीएआईए 2021 ने सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले केवल 61 सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों को लगभग 29 प्रतिशत के स्वीकृति अनुपात के साथ स्वीकार किया, जो कि अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। रोमानिया, ताइवान, नाइजीरिया, मलेशिया, यूनाइटेड किंगडम, इराक, बांग्लादेश, अमेरिका, रूस, ग्रीस और भारत के प्रसिद्ध शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के मुख्य वक्ताओं ने सम्मेलन को संबोधित किया।

सम्मेलन के संयोजक प्रो. सोमेन नायक ने बताया कि गुणवत्ता शोध पत्रों और दुनिया भर के शीर्ष वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के साथ बातचीत के मामले में सम्मेलन बेहद सफल रहा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन ने सभी हितधारकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इससे संबंधित क्षेत्रों में हाल की प्रगति को समझने के लिए सहयोग करने के लिए एक मंच प्रदान किया। प्रो.डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अभी समय की आवश्यकता है और विश्व स्तर पर उद्योग इस क्षेत्र में कुशल उम्मीदवारों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यूईएम जयपुर के परियोजना उप निदेशक संदीप अग्रवाल ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया गया और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले शोध पत्र को सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

## लल्लूराम सैनी चौथी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त



चौमूं (हमारा वतन) अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत ने चौमूं विधानसभा के कालाडेरा निवासी लल्लूराम सैनी को जयपुर देहात कांग्रेस सेवादल उत्तर का चौथी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है । सैनी ने बताया कि जल्दी ही जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्षों की कार्यकारिणी बनाकर सेवादल का विस्तार किया जाएगा । सेवादल के चौथी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर चौमूं क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है ।





## (कविता)
## पत्नी माँ और बहु



योगिता शर्मा
प्रधानाचार्या
इण्डिया ओवरसीज स्कूल

पत्नी माँ और बहु में
न जाने मैं कहाँ गुम हो गयी
लाल रंग बहुत खिलता है तुम पर
सुन सुन कर
मैं तो भूल ही गयी
कि मुझे तो काला रंग पसंद है
सबकी पसंद पूछते-पूछते
मैं तो भूल ही गई
कि मुझे तो आज भी
कच्ची कैरी बहुत पसंद है
सबको मनाते-मनाते
मैं तो नाराज़ होना ही भूल गयी
अब मैं बड़ी हो गयी
इस बात को अब झुठला ना पायी
मैं तो अब बचपना ही भूल गयीं
अब मैं सिर्फ चाय बनाती हूँ
बर्फ का गोला खाना तो भूल ही गयी
सबकी पसंद से मूवी देखते-देखते
मैं तो यह बताना ही भूल गयी
कि मुझे तो म्यूजिक पसंद है
रोज़ आलू पराठा बनाते-बनाते
मैं तो भूल ही गयी
कि मुझे तो उत्तपम पसंद है
सबने हिदायत भी यही दी थी
कि न भूलना तुम एक पत्नी हो
किसी ने तंज किया
कि न भूलना की तुम
अब इस घर की बहु हो
तो किसी ने याद दिला दिया
कि ना भूलना तुम एक माँ भी हो
पर यह किसी ने ना कहा
कि ना भूलना तुम भी हो
सबको याद रखते रखते
मैं तो खुद को भूल ही गयी
पत्नी माँ और बहु में
ना जाने मैं कहाँ गुम हो गयी

# सैनी हॉस्पिटल चौमूं में हुआ 'एडवांस यूरोलॉजी सेंटर' का उद्घाटन

चौमूं (हमारा वतन) शहर के रींगस रोड़,पक्का बंधा स्थित सैनी हॉस्पिटल चौमूं में एडवांस यूरोलॉजी सेंटर का उद्घाटन पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी और चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के कर कमलों से संपन्न हुआ ।

शुभारंभ के अवसर पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा कि सैनी हॉस्पिटल 17 वर्षो से अपनी निरंतर सेवाएं दे रहा है और आज सैनी हॉस्पिटल के अंदर यूरोलॉजी सेंटर का शुभारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को डॉ. आशुतोष सैनी द्वारा यूरोलॉजी संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिलेगी । डॉ. आशुतोष सैनी ने कहा कि




हमारे यहाँ गुर्दा, पथरी, प्रोस्टेट और मूत्र रोग सम्बंधित सभी रोगों का इलाज और जांचों की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी । हॉस्पिटल निदेशक डॉ. बी एस सैनी ने कहा कि क्षेत्र को लोगो के प्यार और विश्वास ने हमें सेवाओं के विस्तार करने हेतु प्रेरित किया और आज से लोगों को यूरोलॉजी से सम्बंधित सभी रोगों का ईलाज सैनी हॉस्पिटल में चालू हो गया है । जनरल,दन्त और चर्म रोगों के इलाज की सुविधा पहले से ही चालू है ।

शुभारंभ के अवसर पर माली समाज विकास समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद सहाय सैनी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, घीसालाल तंवर,पार्षद शायर सिंह तंवर, महेशकुमार यादव, डॉक्टर पूजा सैनी, डॉ आशीष सैनी ,शंकर लाल सैनी, सांवरमल बाजिया, राजू सैनी, जितेंद्र सैनी, महेश सैनी, दिनेश सैनी, भैरू सैनी, खुशी सैनी, निकिता जांगिड़, पिंकी शर्मा, पुजा सैनी, नीरू यादव ,सुरेश कुमार तंवर,कुमार गौरव सैनी,तुषार सैनी,दीपक सैनी,मदन लाल मालेरिया,राजू सैनी, डॉ संतोष सैनी,अविनाश सैनी आदि लोग मौजूद रहे ।

## एनएफसी जिम की सीता कुमारी मीणा ने फिर से रचा इतिहास

जयपुर (हमारा वतन) जयपुर शहर में वंदे मातरम फाउंडेशन संस्था द्वारा आयोजित



महाबली ओपन राजस्थान बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2021 में एनएफसी जिम चौमूं की सीता कुमारी मीणा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है । सीता कुमारी मीणा के बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप के वूमन्स फिगर में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर एनएफसी जिम के डायरेक्टर और फिटनेस कोच एनआर गोरा,एनएफसी गर्ल्स जिम की ट्रेनर धर्मा नागा ने सीता को बधाइयां दी हैं ।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में बॉडीबिल्डिंग, मेन फिजिक्स और वूमन्स फिगर की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई थी ।

## देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल का तीसरा स्थापना दिवस मनाया

किशनगढ़ रेनवाल (हमारा वतन) किशनगढ़ रेनवाल स्थित देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल में तीसरा स्थापना दिवस मनाया । इस मौके पर केक काटकर मिठाईयां बांटी गई । हॉस्पिटल निदेशक विमल कुमावत ने बताया कि पिछले 3 वर्ष में हमारे आई हॉस्पिटल में आंखों का मोतियाबिंद, काला पानी, नाखूना नासूर आदि के 3000 से अधिक सफल ऑपरेशन किए गए हैं ।इसके साथ ही 35000 से अधिक की ओपीडी में मरीज चिकित्सा लाभ ले चुके हैं । माहेश्वरी धर्मशाला के पास स्थित सभी सुविधाओं युक्त हॉस्पिटल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनीता कुमावत, डॉक्टर इशरत समदानी सहित अनुभवी स्टाफ की टीम मरीजों की सेवा में हर समय जुटी रहती है।

हॉस्पिटल में ऑपरेशन के साथ आंखों की उच्चस्तरीय मशीनों से पर्दे की जांच, काला पानी की जांच ,लेजर से आंख की लेंस की सफाई सुविधा उपलब्ध है ।




हॉस्पिटल में इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध है । शहर में आंखों का एकमात्र हॉस्पिटल है जहां शहर सहित आसपास के दर्जनों गांव के मरीजों को उच्च स्तरीय सुविधा मिल रही है। मरीजों को अब बड़े शहरों जैसा इलाज उपलब्ध हो रहा है, जिसे अनावश्यक दूर शहर में इलाज के लिए जाना नहीं पड़ रहा है ।

## अब राजस्थान में होगा बाल विवाह का रजिस्ट्रेशन

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान में शादियों के रजिस्ट्रेशन से जुड़े कानून के तहत अब बाल विवाह का भी रजिस्ट्रेशन होगा। ब्लॉक स्तर तक विवाह रजिस्ट्रेशन अधिकारी रजिस्ट्रेशन करेंगे। विधानसभा में बहस के बाद राजस्थान विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन संशोधन बिल पारित किया गया। बिल में यह प्रावधान है कि अगर शादी के वक्त लड़की की उम्र 18 साल से कम और लड़के की उम्र 21 से कम है तो उसके माता-पिता को 30 दिन के भीतर इसकी सूचना रजिस्ट्रेशन अधिकारी को देनी होगी। बाल विवाह के मामले में लड़का-लड़की के माता-पिता रजिस्ट्रेशन अधिकारी को तय फॉर्मेट में ज्ञापन देकर सूचना देंगे। इसके आधार पर रजिस्ट्रेशन अधिकारी उस बाल विवाह को रजिस्टर्ड करेगा। विवाहों के अनिवार्य रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 8 में इसका प्रावधान किया गया है। पहले जिला स्तर पर विवाह रजिस्ट्रेशन अधिकारी होते थे। इस बिल में ब्लॉक स्तर तक का प्रावधान किया है। जब बाल विवाह अवैध ही रहेगा तो रजिस्ट्रेशन की जरूरत और विधेयक के उद्देश्य के मसले पर सवाल उठाते हुए भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया, लेकिन सरकार का तर्क है कि यह विधेयक सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर लाया गया है।

## एमवीएस फाउंडेशन ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर हुआ वृक्षारोपण का कार्यक्रम



जयपुर (हमारा वतन) चौमूं उपखंड में एमवीएस फाउंडेशन ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर क्षेत्र के कई जगहों पर वृक्षारोपण कर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने स्थापना दिवस मनाया। जानकारी के अनुसार एमवीएस फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर अल सुबह ही क्षेत्र के खेल मैदान में विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा, डॉ नरेंद्र सैनी, विद्युत विभाग सहायक अभियंता पुष्पेंद्र चौधरी व एनएफसी जिम के डायरेक्टर एन आर गौरा सहित कई लोगों ने वृक्षारोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि एमवीएस फाउंडेशन द्वारा संचालित पेड़ों संग- सांसों की डोर मुहिम एक सराहनीय पहल है।

कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने फाउंडेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी का जन्मदिन भी बड़ी धूमधाम से मनाया। फाउंडेशन अध्यक्ष सैनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब को अपने जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए । प्रकृति हमारा जीवन है और इसे प्यार से हम सब को मिलकर संजोना हैं।

इस दौरान सुनील सैनी, आदर्श स्वामी, अशोक सैनी, रामकिशोर सैनी, अर्जुन लाल माली, नरेंद्र सांखला, आशीष जांगिड़, रवि कुमार जादम, कैलाश चंद सैनी, विनोद कुमार सैनी, आदित्य चांदोलिया, संतोष कुमार सैनी, नानूराम,ओम प्रकाश सैनी, राजेश गोरा, अंकित सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिस्टर, मिस एंड मिसेस प्राइड ऑफ भारत 2021 हुआ संपन्न

जयपुर (हमारा वतन) मिस्टर, मिस एंड मिसेस प्राइड ऑफ भारत के सीजन 1 की क्राउनिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। शो की डायरेक्टर मिताली सोनी ने बताया कि यह शो प्राइड ऑफ भारत का एक इनिशिएटिव है एवं कोरोना के कारण इस वर्ष यह शो पूरी तरह से वर्चुअल रूप में ही आयोजित किया गया।




इस शो की एक सबसे खास बात यह रही कि शो के ऑडिशन राउंड में प्रतिभागियों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने सम्बन्धी टास्क दिए गए। शो के फिनाले से पहले सभी फाइनलिस्ट को ग्रुमिंग एक्सपर्ट्स द्वारा दो दिन की ग्रुमिंग सेशन भी दिए गए, जिसके बाद फिनाले में जनरल क्विज, रैम्पवॉक, लाइव क्वेश्चन - आंसर एवं टैलेंट राउंड को क्लियर करते हुए शो के विनर्स का चयन हुआ।

प्राइड ऑफ भारत के फाउंडर महावीर कुमार सोनी ने बताया कि मिस कैटेगरी से एम.पी. की रिदम जैन, मिसेस कैटेगरी से कोलकत्ता की डॉ. सौरवी हालदार व मिस्टर केटेगरी से मेघालय का सिलग्राक मारक विनर्स रहे। इनके अलावा मिस केटेगरी से याचिका जैन, सुप्रिया पसलकर व अशनूर कौर ने फर्स्ट रनर अप, सेकंड रनर अप व थर्ड रनर अप, मिसेस केटेगरी से नेहा बंद्योपाध्याय व पूजा रामचंदानी ने फर्स्ट रनर अप व सेकंड रनर अप का एवं मिस्टर कैटेगरी से रोहित कुमार व सात्यकि बनर्जी ने फर्स्ट व सेकंड रनर अप का खिताब अपने नाम किया।

शो में जूरी के रूप में सुपरमॉडल एन्ड एक्ट्रेस शुभि अग्रवाल, सुपरमॉडल एन्ड एक्ट्रेस दीप्ति कौशिक व यूथ आइकॉन ऑफ राजस्थान व एक्टर त्र्श्री मिगलानी, एक्टर संजय सरदाना एवं सेलेब्रिटी फैशन डिज़ाइनर प्रज्ञा टिबरेवाल रहे।

गौरतलब है कि इस शो में फेमस बॉलीवुड एन्ड टीवी ऐक्ट्रेस एन्ड दीप्रा फैशन स्टूडियो की फाउंडर डायरेक्टर दीप्ति सैनी ने ग्रूमिंग डायरेक्टर की भूमिका निभाई । मिस इंडिया यूनिवर्स डॉ. शिखा तिवारी ने मेंटर के रूप में भूमिका निभाई। सपोर्टिंग पार्टनर के रूप में सृष्टि द वीमेनस् क्लब, दीप्रा फैशन स्टूडियो, गोपयम, प्रेशा क्रिएशन रहे। शो की क्राउनिंग सेरेमनी में गेस्ट ऑफ ओनर के रूप में मिसेस क्वीन ऑफ इंडिया डॉ. परीन सोमानी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### स्वागतोत्सव मनाने से छात्रों में जगी एक नई उम्मीद : डॉ सोनी


उत्तराखंड (हमारा वतन) कोरोना महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित स्कूली बच्चे हुए है ,जहाँ उन्होंने स्कूलों में में पढ़ाई करनी थी वही वो कोरोना के डर से घरों में दुबके हुए हैं । ये अच्छी खबर हैं कि कोरोना गाइड लाइन के अनुपालन करते हुए कक्षा 6 से 12वी तक के बच्चों का स्कूल खुल चुके हैं । इस दौरान जो बच्चे प्रवेश नही ले पाए उनके लिए स्वागतोत्सव मनाया जा रहा है। राजकीय जूनियर हाईस्कूल हटवाल गांव में प्रवेश स्वागतोत्सव में पर्यावरणविद् व वृक्षमित्र शिक्षक डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता रावत, शिक्षक कमलेश सकलानी उपस्थित हुए। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा इस कोरोना महामारी के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित हमारे छोटे बच्चे हुए है जिन्हें विद्यालयों में होना था वे घरो में बैठे हैं । ये हक़ीकत हैं कि भौगोलिक विषमताओं के कारण दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कभी नेट की दिक्क त तो कभी विधुत की ! ऐसे में बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित रह रहे हैं !

## जॉब्स

1. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक), पद संख्या 3896, अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2021
2. साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 432, अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2021
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सांख्यिकी अधिकारी, पद संख्या 41, अंतिम तिथि 2 अक्टूबर 2021
4. असम राइफल रैली भर्ती, पद ग्रुप बी सी, पद संख्या 1230, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
5. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद कंप्यूटर, पद संख्या 250, अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2021
6. इंडियन नेवी,पद पायलट अन्य, पद संख्या 181, अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2021
7. हिमाचल प्रदेश पुलिस, पद कॉन्स्टेबल, पद संख्या 1334, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021
8. संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 28, अंतिम तिथि 30 सितंबर 2021

## प्रेग्नेंट हैं काजल अग्रवाल? बीच में रोक दीं 2 बड़ी फिल्में!

एक्ट्रेस काजल अग्रवाल इन दिनों अपनी मैरिड लाइफ इंजॉय कर रही हैं। उन्होंने बिजनेसमैन गौतम किचलू से 30 अक्टूबर 2020 में शादी की थी। उनकी शादी परिवार वालों और करीबियों के बीच ही हुई थी। जिसके बाद से काजल, पति के साथ वैकेशन फोटोज को लेकर आए दिन चर्चा में बनी रहती हैं। वहीं, हाल ही में उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाहें फैल रही हैं। हालांकि, काजल या उनके पति ने ऐसी खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



**सामने आई ये जानकारी-** काजल अग्रवाल और गौतम किचलू ने सात साल के रिलेशनशिप के बाद शादी की थी। वहीं, हाल ही में पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक काजल प्रेग्नेंट हैं और जल्द ही अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं। वहीं अब तक एक्ट्रेस और उनके परिवार से इन खबरों पर कोई स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। ऐसे में ये खबरें कितनी सच हैं, कितनी झूठ ये तो एक्ट्रेस के बयान सामने आने का बाद ही पता चल सकेगा।

**नहीं ले रहीं है नए प्रोजेक्ट्स-**बताया ये भी जा रहा है कि काजल ने अपनी आने वाली फिल्मों अचार्या और घोस्ट के फिल्ममेकर्स को इस बारे में भी जानकारी दे दी है। ताकि वो कुछ समय का ब्रेक ले सकें। इसके अलावा ये भी रिपोर्ट्स हैं कि काजल अभी नए प्रोजेक्ट्स साइन करने के मूड में भी नजर नहीं आ रही हैं। एक्ट्रेस अपने प्रेग्नेंसी के दौर को इंजॉय करना चाहती और फिल्मों से ब्रेक लेना चाहती हैं। वहीं, अब देखना होगा कि इन खबरों पर एक्ट्रेस की क्या प्रतिक्रिया देती हैं।

# आपके बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य का कारण हो सकती है आयरन डेफिशिएंसी

आयरन आपके मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। इसकी कमी से तनाव, चिंता और कॉगनिटिव फंक्शन बिगड़ सकता है। हमारे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए खनिज अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वे आपकी हड्डियों, मांसपेशियों और आपके हृदय और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसकी कमी से, हड्डियों के नुकसान, मांसपेशियों में ऐंठन, कमजोर इम्युनिटी, थकान और हृदय, मस्तिष्क, लिवर और फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। आयरन की कमी के मामले में मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है।

**क्यों जरूरी है आयरन-**जब खनिज की बात आती है, तो आयरन समग्र शारीरिक स्वास्थ्य को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी से स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की मात्रा में कमी आ सकती है, जो शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन ले जाने के लिए आवश्यक होती हैं। इसके अलावा थकान, कमजोरी और सीने में दर्द जैसे शारीरिक लक्षणों के अलावा मानसिक परेशानी भी आयरन की कमी का सूचक है। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे जैसे कि चिंता, घबराहट, अवसाद और कम संज्ञानात्मक कार्य जैसी स्थितियां, आयरन की कमी से जुड़ी हुई हैं। वास्तव में, 'मनोचिकित्सा और नैदानिक तंत्रिका विज्ञान' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, आयरन की कमी उच्च मनोवैज्ञानिक संकट से जुड़ी है।

**आयरन की कमी और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध-**हमने इस लिंक को बेहतर ढंग से समझने के लिए फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में क्लिनिकल न्यूट्रीशनिस्ट एंड डायटेटिक्स, दीप्ति खाटूजा से बात की। खाटूजा के अनुसार, लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में आयरन महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि ऑक्सीजन शरीर के सभी हिस्सों तक पहुंच रही हैं। लंबे समय में, आयरन की कमी होने से न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर, बल्कि आपके दिमाग पर भी असर पड़ेगा। एकाग्रता में कमी भी आयरन की कमी




के करण हो सकती है।

जब आपके शरीर को आयरन की कमी के कारण पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल रही है, तो आपको ध्यान केंद्रित करने और अपने दैनिक कार्यों को पूरा करने में मुश्किल हो सकती है। इसके अलावा, आप मूड स्विंग और चिड़चिड़ापन का अनुभव कर सकते हैं। समय के साथ, कुछ मामलों में, यह चिंता और अवसाद का कारण बन सकता है। इसलिए, ये सभी समस्याएं आपस में जुड़ी हुई हैं। आयरन की कमी का एक अन्य प्रमुख लक्षण थकान है। समय के साथ, शारीरिक रूप से थका हुआ महसूस करना आपकी दिनचर्या को प्रभावित कर सकता है और निराशा की भावना भी पैदा कर सकता है।

## आज से श्राद्ध पक्ष होंगे आरंभ, 16 दिन तक भूलकर भी न करें ये काम

पौराणिक ग्रंथों में वर्णित किया गया है कि देवपूजा से पहले जातक को अपने पूर्वजों की पूजा करनी चाहिए। पितरों के प्रसन्न होने पर देवता भी प्रसन्न होते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में जीवित रहते हुए घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान और मृत्योपरांत श्राद्ध कर्म किये जाते हैं। इसके पीछे यह मान्यता भी है कि यदि विधिनुसार पितरों का तर्पण न किया जाये तो उन्हें मुक्ति नहीं मिलती और उनकी आत्मा मृत्युलोक में भटकती रहती है। पितृ पक्ष को मनाने का ज्योतिषीय कारण भी है। ज्योतिषशास्त्र में पितृ दोष काफी अहम माना जाता है। जब जातक सफलता के बिल्कुल नजदीक पंहुचकर भी सफलता से वंचित होता हो, संतान उत्पत्ति में परेशानियां आ रही हों, धन हानि हो रही हों तो ज्योतिष शास्त्र पितृदोष से पीड़ित होने की प्रबल संभावनाएं होती हैं। इसलिये पितृदोष से मुक्ति के लिये भी पितरों की शांति आवश्यक मानी जाती है।

**पितृपक्ष के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें**

यह माना जाता है कि इन 16 दिनों की अवधि के दौरान सभी पूर्वज अपने परिजनों को आशीर्वाद देने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंड दान किया जाता है। इन अनुष्ठानों को करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे किसी व्यक्ति के पूर्वजों को उनके इष्ट लोकों को पार करने में मदद मिलती है। वहीं जो लोग अपने पूर्वजों का पिंडदान नहीं करते हैं उन्हें पितृ ऋण और पितृदोष सहना पड़ता है। इसलिए श्राद्धपक्ष के दौरान यदि आप अपने पितरों का श्राद्ध कर रहे हैं तो इन बातों के बारे में खास ध्यान रखना चाहिए।

## ओपन शर्ट में सुहाना खान का दिलकश अंदाज, न्यूयॉर्क में यूं एंजॉय करती दिखीं संडे



शाहरुख और गौरी की बेटी सुहाना खान बॉलीवुड में डेब्यू से पहले ही स्टार बन चुकी हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी लेटेस्ट तस्वीर सामने आते ही वायरल हो जाती है। इन दिनों सुहाना न्यूयॉर्क में हैं। अब उन्होंने वहां से एक फोटो पोस्ट की है और फैंस को बताया कि उन्होंने संडे कैसे एंजॉय किया।

**संडे किया एंजॉय-**सुहाना ने आउटडोर में फोटो क्लिक करवाई। उन्होंने ब्लैक टैंक टॉप के ऊपर ओपन ओवरसाइज्ड शर्ट पहनी हुई है। साथ ही डेनिम शॉर्ट्स हैं। ब्लैक लोफर्स और लाइम ग्रीन कलर का बैग उनके लुक को कंप्लीट कर रहा है। तस्वीर के साथ सुहाना ने कैप्शन में लिखा- 'संडे'। उनकी इस तस्वीर को खुशी कपूर और रिद्धिमा कपूर ने लाइक किया है।

**चांद को निहारते दिखीं-**सुहाना ने बीते दिनों अपनी इंस्टा स्टोरी पर खूबसूरत सी फोटो शेयर की, जिसमें वह चांद को निहारते हुए नजर आईं। ब्लैक कलर की ड्रेस पहने सुहाना सोफे पर बैठी दिखीं।

**अमेरिका में कर रहीं पढ़ाई-**फिलहाल सुहाना न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के Tisch School of the Arts से पढ़ाई कर रही हैं। वह अपनी एक्टिंग स्किल शॉर्ट फिल्म 'द ग्रे पार्ट ऑफ ब्लू' में पहले ही दिखा चुकी हैं।

## सपना चौधरी के निधन की फैली अफवाह, फैन्स देने लगे श्रद्धांजलि, जानें इस फेक न्यूज की असली वजह

सोशल मीडिया पर किसी भी खबर को फैलने में वक्त नहीं लगता है, हालांकि कई बार सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें भी तेजी से फैलती हैं और अब इन अफवाहों का शिकार सपना चौधरी हुई हैं। सोशल मीडिया पर ये अफवाह वायरल हो रही है कि सपना चौधरी का निधन हो गया है।



**सोशल पर फैली अफवाह-** दरअसल एक फेसबुक पोस्ट में इस बात का दावा किया गया कि हरियाणा के सिरसा में हुए सड़क हादसे में सपना चौधरी की मौत हो गई। ये अफवाह देखते ही देखते वायरल हो गई और फैन्स सपना चौधरी को श्रद्धांजलि देने लगे। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे सिद्धार्थ शुक्ला से भी जोड़ते हुए पोस्ट किए और दुख जाहिर किया।

**सही और सुरक्षित हैं सपना चौधरी-**बता दें कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ये खबरें पूरी तरह से फेक हैं, और सपना चौधरी एक दम सुरक्षित हैं। वहीं कुछ वक्त पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। गौर करने वाली ये है कि जिस सड़क हादसे की बात की जा रही है, उसमें 29 अगस्त को एक अन्य हरियाणवी डांसर प्रीति की मौत हुई थी।






## रवि शास्त्री के बाद किसके हाथ होगी टीम इंडिया की कमान? BCCI का कुछ ऐसा है प्लान

नई दिल्ली। यूएई और ओमान में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप के बाद हेड कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल खत्म हो रहा है। शास्त्री ने इशारों-इशारों में संकेत दे दिए हैं कि वह आगे इस पद पर बने रहने के इच्छुक नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि भारतीय टीम का अगला हेड कोच कौन होगा। खबरों के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस पद के लिए अनिल कुंबले और वीवीएस लक्ष्मण को अप्रोच कर सकता है। कुंबले पहले भी हेड कोच की जिम्मेदारी को संभाल चुके हैं, लेकिन कप्तान विराट कोहली से अनबन के चलते उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के सीनियर अधिकार ने पीटीआई को बताया, अनिल कुंबले जिस तरह से बाहर गए उसमें अब सुधार करने की जरूरत है। जिस तरह से कोहली के दबाव में आकर सीओके ने उनको हटाया वह एक अच्छा उदाहरण नहीं था। हालांकि, यह कुंबले और लक्ष्मण पर भी निर्भर करेगा कि वह इस पद के लिए अप्लाई करना चाहते हैं या नहीं। बीसीसीआई इन दो दिग्गज खिलाड़ियों से हेड कोच के पद के लिए आवेदन देने को कह सकता है। कुंबले इससे पहले 2016 में टीम इंडिया के हेड कोच बने थे, लेकिन विराट के साथ आई रिश्तों में खटास के चलते उन्होंने अपना पद त्याग दिया था। माना जा रहा है कि कुंबले हेड कोच बनने की रेस में सबसे आगे हैं, पर लक्ष्मण के नाम पर भी विचार किया जा सकता है। वीवीएस लक्ष्मण बतौर मेंटोर आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को गाइड करते हैं और उनके पास अच्छा खासा अनुभव मौजूद है। रवि शास्त्री के हेड कोच रहते हुए टीम इंडिया ने ना सिर्फ अपनी धरती पर, बल्कि विदेशी सरजमीं पर भी बड़ी-बड़ी टीमों को पटखनी दी। शास्त्री की देखरेख में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को दो दफा उसके घर में टेस्ट सीरीज में हराया, जबकि इंग्लैंड में इस बार जबरदस्त प्रदर्शन किया। मौजूदा हेड कोच की अगुवाई में भारतीय टीम ने 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।

## शार्दुल ठाकुर ने विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने पर जताई हैरानी, बताया, क्या है उनकी इच्छा



नई दिल्ली। विराट कोहली के आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 इंटरनेशनल की कप्तानी छोड़ने की हर तरफ चर्चा हो रही है। टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने भी एक इंटरव्यू में विराट के कप्तानी छोड़ने के फैसले पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद भी टीम इंडिया की टी-20 टीम की कप्तानी करना जारी रखें। उन्होंने विराट के इस फैसले को हैरान करने वाला बताया। विराट टी-20 के अलावा वनडे और टेस्ट में भारत की कप्तानी करते रहेंगे। इंटरव्यू में शार्दुल ठाकुर ने कहा,यह काफी हैरान करने वाला है। मेरी इच्छा है कि वो टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भी कप्तानी करना जारी रखें, लेकिन उन्होंने पिछले कुछ सालों से भारत के लिए ये भूमिका निभाई है। इसलिए उनके अनुसार, शायद यह भारत टी-20 कप्तान के रूप में आगे बढ़ने का समय है। मुझे उनसे बात करने का अवसर नहीं मिला।

## कोहली के टी-20 की कप्तानी छोड़ने के ऐलान पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कैसे किया रिएक्ट



नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने विराट कोहली के टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 इंटरनेशनल की कप्तानी छोड़ने के फैसले को निःस्वार्थ करार दिया। विराट कोहली ने गुरुवार को घोषणा कि कि उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारत की टी-20 क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि वो तीनों फॉर्मेटों में भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे। विराट कोहली ने कप्तानी छोड़ने का फैसला टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा से चर्चा के बाद लिया। वॉन ने कोहली के इंस्टाग्राम पोस्ट पर कमेंट करके लिखा,अच्छा किया। ये एक बहुत निःस्वार्थ निर्णय है और ये आपको सभी दबावों से थोड़ा रेस्ट करने के लिए कुछ अच्छा स्पेस देगा। कोहली ने इंस्टाग्राम पर एक बयान जारी करके कहा,जाहिर तौर पर इस फैसला पर आने में मुझे काफी समय लगा।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# टीके का कीर्तिमान

भारत ने टीकाकरण के मोर्चे पर एक इतिहास रच दिया। एक दिन में दो करोड़ से अधिक लोगों को टीका लगाने का यह कीर्तिमान दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए अकल्पनीय ही होगा। जितने लोगों का भारत ने एक दिन में टीकाकरण किया है, उतने लोग दुनिया के डेढ़ सौ से ज्यादा देशों में रहते ही नहीं हैं। दो करोड़ से ज्यादा आबादी वाले करीब 60 ही देश हैं, उनमें भी टीकाकरण की रफ्तार ऐसी नहीं है, जैसी भारत में दिख रही है। भारत में जिस रफ्तार से शुक्रवार को टीकाकरण हुआ है, वही रफ्तार अगर रहे, तो भारत अपने सभी नागरिकों को 130 दिनों में ही टीके के दोनों डोज देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर अगर रिकॉर्ड बनाने के लिए ही सही इतने बड़े पैमाने पर टीकाकरण हुआ है, तब भी यह स्वयं भारत की सामान्य व्यवस्था और चिकित्सा व्यवस्था, दोनों के लिए मिसाल है। टीकाकरण की ऐसी बेमिसाल रफ्तार साफ इशारा कर रही है कि हम कितना करने में सक्षम हैं और हम कितना कम करके अपना काम चलाते हैं। याद रहे, भारत ने अपना टीकाकरण कार्यक्रम 16 जनवरी, 2021 को शुरू किया था। पहले दिन 1,65,714 लोगों का टीकाकरण हुआ था। पहले तीन दिन में 6,31,417 लोगों को ही टीका लगाया गया था।


राम गोपाल सैनी

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# राजस्थान में 20 सितंबर से खुलेंगे स्कूल

जयपुर (हमारा वतन) आख़िरकार राजस्थान सरकार ने कोरोना के मामलों में कमी के बाद पहली से लेकर 8 वीं तक कक्षा के लिए स्कूल खोलने का फैसला किया है। गृह विभाग ने शुक्रवार को इसके लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी है।

**20 सितंबर से खुलेंगी स्कूलें**

20 सितंबर से छठवीं से आठवीं और 27 सितंबर से पहली से पांचवीं क्लास तक के बच्चों के स्कूल खुलेंगे। पहले फेज में 50 प्रतिशत बच्चों को ही स्कूल बुलाया जाएगा। प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों में अब 100 प्रतिशत कर्मचारियों को बुलाया जाएगा।

**बाध्य नहीं कर सकेंगे स्कूल संचालक**

सभी कक्षाओं के बच्चों को स्कूल बुलाने से पहले उनके माता-पिता की सहमति अनिवार्य होगी। जो माता-पिता अपने बच्चों को ऑफलाइन क्लास के लिए नहीं भेजना चाहते, उन्हें स्कूल बुलाने के लिए बाध्य नहीं कर सकेंगे। जो माता-पिता बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाहते, उनके लिए ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था जारी रखनी होगी।

**शादी समारोह में अब 200 लोगों के शामिल होने की छूट**

नई गाइडलाइन में शादी समारोह में अब 200 लोगों के शामिल होने की छूट दी गई है। अभी तक शादियों में 50 लोग ही शामिल हो सकते थे।

**रात 10 बजे तक खुलेंगे सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स**

सिनेमा हॉल, थियेटर, मल्टीप्लेक्स पूरी क्षमता के साथ सुबह 9 बजे से रात 10 बजे



तक खुल सकेंगे। वे ही दर्शक जा सकेंगे, जिन्होंने वैक्सीन की कम से कम एक डोज लगवा ली हो। बिना वैक्सीन वालों को अनुमति नहीं होगी।

**रेस्टोरेंट पूरी क्षमता से सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक खुलेंगे**

रेस्टोरेंट पूरी क्षमता के साथ सुबह 9 से रात 10 बजे तक खुल सकेंगे। जिम, योग सेंटर सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक खुल सकेंगे। 20 सितंबर से स्विमिंग पूल केवल उन लोगों के लिए खुलेंगे, जिन्होंने वैक्सीन की कम से कम एक डोज लगवा ली हो।

**20 सितंबर से जनजाति और सामाजिक न्याय के हॉस्टल भी खुलेंगे**

जनजातीय विकास विभाग और सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के हॉस्टल 20 सितंबर से खुलेंगे। इन हॉस्टल के लिए दोनों विभाग अलग से गाइडलाइन जारी करेंगे।

**20 सितंबर के बाद पशु मेले लग सकेंगे**

20 सितंबर के बाद कलेक्टर की अनुमति से पशु मेले लग सकेंगे। इनमें कोरोना गाइडलाइन का ख्याल रखना होगा। राजस्थान के पश्चिमी जिलों में बड़े पैमाने पर पशु मेलों में मवेशियों और कृषि औजारों की खरीद-फरोख्त होती है। पुष्कर, नागौर के पशु मेले दुनिया में प्रसिद्ध हैं।

# एसओजी के विजय कुमार राय ने फिर से दिखाई दिलेरी



जोधपुर (हमारा वतन) प्रदेश में हथियार तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एसओजी ने पाली-जोधपुर हाईवे पर कुड़ी भगतासनी क्षेत्र से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने इनके कब्जे स 5 पिस्टल, 9 एमएम के 18 सहित 7.65 एमएम के 144 कारतूस जब्त किये हैं। आरोपी यह हथियार मध्य प्रदेश से खरीद कर ला रहे थे और बाड़मेर में सप्लाई करने वाले थे, लेकिन एसओजी ने सतर्कता दिखाते हुए बीच रास्ते में ही दोनों को दबोच लिया।

एटीएस, एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि मध्य प्रदेश से भारी मात्रा में हथियार तस्करी की सूचना पर एसओजी के पुलिस निरीक्षक विजय कुमार राय के नेतृत्व में कांस्टेबल गौरव, रामलाल, भागीरथ, चालक कमलेश की टीम जोधपुर जिले में भेजी गई थी। टीम ने कुड़ी भगतासनी क्षेत्र में हाईवे पर बस से उतरते समय हुलिए आधार पर आरोपी सुनील कुमार घांची 25 वर्ष एवं जेठाराम घांची (25 वर्ष) निवासी महादेव कॉलोनी, बालोतरा, जिला बाड़मेर को पकड़ कर तलाशी ली तो भारी मात्रा में हथियार कारतूस मिले। एसओजी के पुलिस निरीक्षक विजय कुमार राय ने हथियार तस्करी के खिलाफ जोधपुर जिले में कार्रवाई कर एक बार फिर दिलेरी दिखाई है। गौरतलब है कि पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार राय करीब 4 साल में अवैध हथियार के खिलाफ 14 कार्रवाइयों में शामिल होकर 110 अवैध हथियार सहित 797 कारतूस बरामद कर चुके हैं।

# गिरधारीपुरा कॉलोनी में रोड का हुआ शुभारम्भ

जयपुर (हमारा वतन) वार्ड 56 नगर निगम ग्रेटर के गिरधारीपुरा कॉलोनी में रोड का जैसे ही शुभारंभ होने का अवसर आया वार्ड वासियों के चेहरे खुशी से खिलने लगे। रोड के शुभारंभ के शुभ अवसर पर राजस्थानी परंपरा के अनुसार शॉल ओढ़ाकर माला पहनाकर व कलम देकर स्वागत सत्कार किया गया। नगर निगम ग्रेटर महापौर शील धाभाई ,चेयरमैन सुप्रीत बंसल विद्युत एवं सार्वजनिक प्रकाश समिति ,स्थानीय पार्षद राधेश्याम बोहरा के कर कमलों से रोड को बनाने के कार्य का शुभारंभ हुआ।

सभी वार्ड वासियों व नागरिक बंधुओं की उपस्थिति में रोड बनाने के कार्य का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सभी आगंतुकों का मुंह मीठा करवाया गया।



इस अवसर पर स्थानीय व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोहर लाल अग्रवाल, सचिव शेष अवतार शर्मा, विकास समिति अध्यक्ष मान सिंह राठौड़ ,सचिव संजय शर्मा, डॉक्टर नवीन यादव, सूरज वर्मा, मधु नायक, प्रीति गुप्ता, जमुना देवी ,शोभा देवी, संपत्ति देवी ,सुमन देवी व सैकड़ों महिलाओं के साथ कंचन देवी बोहरा भी उपस्थित रही।

# श्री साईराम यूथ क्लब उदयपुरिया ने निकाली पालकी यात्रा

जयपुर (हमारा वतन) श्री परशुराम पुरी महाराज उदयपुरिया धाम के वार्षिक मेले के उत्सव के अंतर्गत 18 सितंबर और 19 सितंबर को भरने वाले मेले के कार्यक्रम के अंतर्गत श्री साईराम यूथ क्लब उदयपुरिया द्वारा श्री शिरडी साई मंदिर इटावा से श्री परशुराम पुरी महाराज उदयपुरिया धाम तक पालकी यात्रा निकाली गयी। भगवान शिव की मनोहारी झांकी सजाई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से श्री शिर्डी साई नाथ मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वीसिहं नाथावत ने पूजा अर्चना कर पालकी को रवाना किया। साथ ही पालकी यात्रा का जगह -जगह स्वागत सत्कार किया गया। पालकी यात्रा में श्री साई राम यूथ क्लब अध्यक्ष रविन्द्र सिंह नाथावत, जयपुर जिला पार्षद बिना देवी, कालाडेरा कॉलेज अध्यक्ष चंद्रकला नागौरी ,आर्मी रिटायर जितेंद्र सिंह नाथावत, फौजी सुरेश बुनकर, नवदीप सिंह नाथावत, यूथ क्लब के सदस्य संजय यादव ,क्रिशन यादव , बबलू कुमावत ,धर्मवीर कुमावत



,धर्मेंद्र जाट, दिनेश यादव, सोनू बुनकर, आशुतोष आचार्य, रोनक कुमावत ,सुभाष जाट आदि मौजूद रहे।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।**

Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा